फर्द अहकाम

कान्हा बिल्डर्स बनाम ओमप्रकाश वगै0

प्रार्थना पत्र संख्याः 119/2024

दिनांक	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
11.09.2024	प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र बाबत 111, 128 भू–राजस्व अधिनियम 1956 का पेश किया। पत्रावली दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्राथीगण को रजिस्टर नोटिस जारी किये गये। पत्रावली दिनांक 08.08.2024 को पेश हुई, वकील प्रार्थी उपस्थित, अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 7 बावजूद रजिस्टर डाक सूचना अनुपस्थित रहने पर अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 7 के विरूद्व एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर पत्रावली वास्ते जवाब तहसीलदार सांगानेर हेतु दिनांक 11.09.2024 नियत की गई। दिनांक 11.09. 2024 के तहसीलार सांगानेर के द्वारा पत्रावली मे जवाब पेश नही करने पर पत्रावली में बहस प्रार्थी सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थी अधिवक्ता ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दौहराया एवं अंत में निवेदन किया कि प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर राजस्व ग्राम शिकारपुरा पटवार हल्का शिकारपुरा भू० अभि०नि० क्षेत्र शिकारपुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर राज० की सरहद में स्थित प्रार्थी की खातेदारी एवं कब्जे, काश्त की कृषि भूमि राजस्व अभिलेख जमाबन्दी सम्वत 2074 से 2077 का खाता संख्या नया 476 पुराना 393 के अर्न्तगत आराजी खसरा नम्बर 444 रकबा 1.3400 हैक्टेयर, तथा खसरा नम्बर 453 रकबा 0.2400 हैक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 1.5800 हैक्टेयर स्थित है, जो अप्रार्थीगण के पश्चिम दिशा में स्थित काकड मेड है, वर्णित कृषि भूमि का पुलिस इमदाद से राजस्व एजेन्सी तहसीलदार सागॅानेर व उसके अधीनस्थ कर्मचारियो की टीम से सीमाज्ञान करवाया जाकर मौके पर पत्थरगढी करवाये जाने का आदेश पारित फरमाने की कृपा करे। अन्य न्यायोचित आदेश जो माननीय न्यायालय हाजा उचित समझे, प्रार्थी के पक्ष में पारित फरमाने की कृपा करें। बहस प्रार्थी एवं प्रार्थना पत्र का अवलोकन करने पर प्रार्थीगण की ओर से पेश प्रार्थना प[illegible] उपखण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय (सांगानेर)	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2025.02.11 15:21:17 IST
Reason: SelfAttested

11.09.2024

फर्द अहकाम

कान्हा बिल्डर्स बनाम ओमप्रकाश वगै0

प्रार्थना पत्र संख्याः 119/2024

भू–राजस्व अधिनियम स्वीकार किया जाता है। प्रार्थी तहसीलदार सांगानेर को सीमाज्ञान का प्रार्थना पत्र पेश करे। तहसीलदार सांगानेर को आदेशित किया जाता है कि प्रार्थी से सीमाज्ञान का प्रार्थना पत्र लेकर यदि उपरोक्त वर्णित प्रार्थी की कृषि भूमि पर अन्य किसी दिगर न्यायालय का स्थगन आदेश न हो तो अपने स्तर पर टीम गठित कर पडौसी खातेदारों एवं उभयपक्षकारान को नियमानुसार सूचित कर सभी की उपस्थिति में राजस्व ग्राम शिकारपुरा पटवार हल्का शिकारपुरा भू० अभि०नि० क्षेत्र शिकारपुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर राज० की सरहद में स्थित प्रार्थी की खातेदारी कृषि भूमि राजस्व अभिलेख जमाबन्दी सम्वत 2074 से 2077 का खाता संख्या नया 476 पुराना 393 के अर्न्तगत आराजी खसरा नम्बर 444 रकबा 1.3400 हैक्टेयर, तथा खसरा नम्बर 453 रकबा 0.2400 हैक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 1.5800 हैक्टेयर स्थित का नियमानुसार सीमाज्ञान कर उक्त सीमाज्ञान के आधार पर पत्थरगढी की जावे। आदेश की पालना हेतु तहसीलदार सांगानेर को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी
जयपुर द्वितीय (सांगानेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2025.02.11 15:21:17 IST
Reason: SelfAttested